# भारत – निकारागुआ संबंध

## राजनीतिक

पनामा स्थित भारतीय दूतावास को समवर्ती रूप से निकारागुआ की भी जिम्मेदारी सौंपी जाती है। पहले निकारागुआ का भारत में दूतावास हुआ करता था जिसे 1990 में बंद कर दिया गया। इस समय, टोकियो में निकारागुआ के दूतावास को समवर्ती रूप में भारत की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निकारागुआ के दिल्ली एवं मुंबई में मानद कांसुल जनरल हैं।

## द्विपक्षीय यात्राएं :

### भारत की ओर से :

1. 17 नवंबर, 2014 को मानागुआ में आयोजित पहले भारत - निकारागुआ विदेश कार्यालय परामर्श के लिए तत्कालीन विशेष सचिव (अमेरिकाज एवं सी पी वी) श्री आर स्वामीनाथन के नेतृत्व में एक भारतीय शिष्टमंडल ने निकारागुआ का दौरा किया।

2. संसद सदस्य श्री महेंद्र प्रसाद ने अप्रैल, 2003 में निकारागुआ का दौरा किया।

3. तत्कालीन श्रम एवं कल्याण मंत्री श्री रामविलास पासवान ने अप्रैल, 1990 में राष्ट्रपति चमोरो के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए निकारागुआ का दौरा किया।

4. तत्कालीन लोक सभा अध्यक्ष श्री शिवराज पाटिल के नेतृत्व में एक 8 सदस्यीय शिष्टमंडल ने अप्रैल – मई, 1989 में एक अंतर संसदीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए निकारागुआ का दौरा किया।

### निकारागुआ की ओर से :

1. विकास, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री ओरलैंडो सोलगोरजानो ने नई दिल्ली में 8 और 9 अक्टूबर 2015 को सी आई आई द्वारा आयोजित 6वीं भारत – एल ए सी गोष्ठी में भाग लिया।

2. निवेश एवं विदेश व्यापार संवर्धन के लिए राष्ट्रपति के सलाहकार (मंत्री का दर्जा) जनरल अल्वारो बाल्टोडानो के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने नई दिल्ली में 16-17 अक्टूबर, 2014 को फिक्की द्वारा आयोजित भारत – एल ए सी निवेश गोष्ठी में भाग लेने के लिए भारत का दौरा किया।

3. निकारागुआ के विदेश मंत्री श्री सैमुअल सांतोस लोपेज ने 20 से 23 अगस्त, 2013 के दौरान भारत का दौरा किया तथा विदेश मंत्री से मुलाकात की।

4. निकारागुआ के राष्ट्रपति के वित्तीय एवं आर्थिक सलाहकार कोमोरोड बयार्डो आर्स ने 25 नवंबर से 1 दिसंबर, 2012 के दौरान भारत का दौरा किया तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री डा. फारूख अब्दुल्लाह; पोत परिवहन, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री श्री मिलिंद देवरा से मुलाकात की और सी आई आई में भारतीय कारोबारियों के साथ बातचीत की और परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (ए

ई पी सी) का भी दौरा किया।

5. विदेश मंत्री सांतोस लोपेज ने दूसरी भारत – एस आई सी ए विदेश मंत्री बैठक में भाग लेने के लिए जून, 2008 में भारत का दौरा किया।

6. तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री श्री गुलेर्मो गुंजालवेज ने दिसंबर, 2007 में नई दिल्ली में एविएन एवं पेंडेमिक इंफ्लेंजा सम्मेलन पर अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी में भाग लिया।

7. तत्कालीन वित्त मंत्री श्री एलेजांद्रो अर्गेलो ने अप्रैल, 2006 में भारत का दौरा किया।

8. तत्कालीन विदेश मंत्री नोर्मन काल्डेरा ने एस आई सी ए शिष्टमंडल के अंग के रूप में फरवरी, 2004 में भारत का दौरा किया।

9. वर्तमान राष्ट्रपति डैनियल ओर्टेगा ने राष्ट्रपति के रूप में अपने पिछले कार्यकाल के दौरान 1983 और 1986 में दो बार भारत का दौरा किया था।

**द्विपक्षीय करार**

1. विदेश कार्यालय परामर्श के लिए करार पर 2001 को हस्ताक्षर किया गया।

2. राजनयिक एवं आधिकारिक पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा की आवश्यकता से छूट के लिए करार पर हस्ताक्षर भारत – एस आई सी ए विदेश मंत्री बैठक के दौरान जून, 2008 में किया गया।

3. मनागुआ में एक आईटी प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के लिए एक एम ओ यू पर हस्ताक्षर 2008 में किया गया।

4. सांस्कृतिक सहयोग, सरकार दर सरकार ऋण तथा आर्थिक सहयोग जैसे क्षेत्रों में निकारागुआ के साथ अनेक करारों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

पहला भारत – निकारागुआ विदेश कार्यालय परामर्श 17 नवंबर, 2014 को मनागुआ में आयोजित हुआ, जिसमें भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व विशेष सचिव (अमेरिकाज एवं सी पी वी) श्री आर स्वामीनाथन द्वारा किया गया तथा निकारागुआ के शिष्टमंडल का नेतृत्व अंतर्राष्ट्रीय सहयोग उप मंत्री श्री वाल्ड्रैक जींसचेक द्वारा किया गया। अन्यों के अलावा, निकारागुआ के वित्त एवं सार्वजनिक ऋण मंत्री श्री इवान अकोस्टा, विदेश मंत्रालय में एशिया, अफ्रीका एवं ओसियाना की महानिदेशक सुश्री रोसाना एस्पिनोजा ओर्डोनेज तथा राष्ट्रीय विद्युत पारेषण कंपनी (एनाट्रेल), प्रो–निकारागुआ, निवेश संवर्धन के लिए शीर्ष सरकारी एजेंसी, निकारागुआ सामाजिक सुरक्षा संस्थान, (आई एन एस एस) से उच्च रैंक के अधिकारी निकारागुआ के शिष्टमंडल में शामिल थे। भारतीय शिष्टमंडल में पनामा में भारत की राजदूत सुश्री शम्मा जैन (जिनको निकारागुआ कोस्टारीका की समवर्ती रूप से जिम्मेदारी सौंपी गई है), तथा सुश्री इंदिरा मूर्ति, निदेशक (एल ए सी), विदेश मंत्रालय शामिल थे। श्री स्वामीनाथन ने विदेश मंत्री श्री सैमुअल सांतोस लोपेज से भी मुलाकात की। इस बैठक में राजनीतिक, आर्थिक एवं वाणिज्यिक क्षेत्रों में संबंधों को सुदृढ़ करने के लिए परस्पर प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि करने का अवसर प्रदान किया।

राजदूत शम्मा जैन ने 27 अक्टूबर, 2014 को विदेश मंत्री श्री सांतोस लोपेज को अपने प्रत्यय पत्र की प्रतियां सौंपी। उन्होंने विदेश मंत्री के साथ सार्थक बैठक की जिसके तहत द्विपक्षीय संबंध के सभी क्षेत्रों पर चर्चा की गई। राजदूत ने विकास, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री ओर्लांडो सोलोरजानो, उप विदेश मंत्री श्री वाल्ड्रैक जींसचेक तथा सरकारी स्वामित्व वाली विद्युत कंपनी एनाट्रेल के कार्यपालक अध्यक्ष श्री सल्वाडोर मैनसेल के साथ भी बैठकें की। उन्होंने निवेश संवर्धन एवं विदेश व्यापार सुगमता के लिए राष्ट्रपति के सलाहकार जनरल अल्वारो बाल्टोडानो तथा राज्य व्यापार एवं निर्यात संवर्धन एजेंसी प्रो-निकारागुआ के प्रमुख के साथ भी विस्तार से चर्चा की।

**व्यापार एवं आर्थिक संबंध :**

भारत – निकारागुआ व्यापार (मिलियन अमरीकी डालर में)

| वर्ष | निर्यात | आयात | कुल |
|---|---|---|---|
| 2011 | 52.43 | 0.57 | 53 |
| 2012 | 74.91 | 0.47 | 75.38 |
| 2013 | 85.53 | 2.25 | 87.88 |
| 2014 | 90.50 | 0.83 | 91.33 |

(स्रोत : प्रोनिकारागुआ)

भारत जिन वस्तुओं का निर्यात करता है उनमें मुख्य रूप से भेषज पदार्थ, कॉटन, आटोमोबाइल तथा एसेसरीज, लोहा एवं इस्पात, रबर एवं रबर के उत्पाद आदि शामिल हैं, जबकि भारत मुख्य रूप से कच्ची खाल, स्किन एवं लेदर, लकड़ी एवं लकड़ी की वस्तुओं आदि का आयात करता है।

भारत सरकार ने निकारागुआ के विद्युत क्षेत्र के विकास में निकारागुआ की मदद करने के लिए उसे तीन ऋण सहायता प्रदान की है : (i) निकारागुआ में सैन जुआन डेल सुर और अगस्टो सी सैंडिनो इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दो इलेक्ट्रिक सब-स्टेशन एवं वितरण परियोजनाओं के लिए 2013 में 10 मिलियन अमरीकी डालर। इस एल ओ सी करार पर जुलाई, 2013 में हस्ताक्षर किया गया; (ii) कार्लोस फोंसेका सब-स्टेशन / पारेषण लाइन परियोजना के लिए अगस्त, 2014 में 26.24 मिलियन अमरीकी डालर; और (iii) निकारागुआ में ला एस्पेरांजा – ला गटेडा सेक्टर में विद्युत पारेषण लाइन परियोजना के लिए 31.29 मिलियन अमरीकी डालर।

भारतीय प्लास्टिक निर्यात संवर्धन परिषद (प्लेक्सोंसिल) से एक 16 सदस्यीय शिष्टमंडल ने प्लास्टिक के उत्पादकों एवं क्रेताओं के साथ बी एस एम के लिए 17 मार्च 2015 को निकारागुआ दौरा किया। शिष्टमंडल ने निकारागुआ की कंपनियों के साथ कारोबारी साझेदारियों पर भी चर्चा की। इस कार्यक्रम का आयोजन दूतावास तथा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड सर्विसेज ऑफ निकारागुआ के समन्वय में प्लेक्सोंसिल द्वारा किया गया था। शिष्टमंडल ने विदेश व्यापार एवं निवेश के लिए राष्ट्रपति के सलाहकार श्री अल्वारो बोल्टोडैनो (मंत्री का दर्जा) से भी मुलाकात की।

अप्रैल, 2014 में, अपनी विकास साझेदारी पहल के तहत भारत सरकार ने निकारागुआ में डेंगू बुखार से निपटने के लिए 1530 किलो दवाएं दान में दी।

फार्मेक्सिल ने जून, 2007 में हैदराबाद में आयोजित फार्मा – एल ए सी सम्मेलन में स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी तथा दो फार्मास्यूटिकल कार्यपालकों की भागीदारी को प्रायोजित किया था।

एक्सपी प्रभाग के निमंत्रण पर अल न्यूवो डायरियो न्यूजपेपर के एक पत्रकार ने अप्रैल, 2007 में भारत का दौरा किया।

निकारागुआ के दो प्रमुख टूर ऑपरेटरों ने अप्रैल, 2006 में नई दिल्ली में एल ए सी क्षेत्र के लिए आयोजित कार्यशाला में भाग लिया।

देशभर में स्थित विभिन्न नगरपालिकाओं में स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा प्रयोग के लिए नवंबर, 2005 में निकारागुआ को 18 बजाज थ्री-व्हीलर दान में दिए गए। पुणे की प्राज इं  डस्ट्री ने निकारागुआ शुगर एस्टेट लिमिटेड के लिए एक एथानोल प्रोडक्सन प्लांट स्थापित किया है। बजाज इंडस्ट्रीज एजेंसी करार के तहत हर साल नियमित रूप से भारी संख्या में आटो टैक्सी, जिनको स्थानीय स्तर पर मोटो-टैक्सी कहा जाता है तथा थ्री-व्हीलर बेचता है। इन मोटो-टैक्सी को देश में हर जगह देखा जा सकता है। महिंद्रा जीप ने निकारागुआ के ग्रुपो पेल्लास जो देश का सबसे बड़ा कारोबार समूह है, के साथ एजेंसी करार के तहत निकारागुआ में अपनी बिक्री शुरू की है।

2001 में, निकारागुआ तथा मध्य अफ्रीका के अन्य देशों के गंभीर सूखे से प्रभावित होने के मद्देनजर भारत ने निकारागुआ को 10,000 अमरीकी डालर मूल्य की दवाएं दान में दी।

भारत सरकार ने मार्च, 2004 में 125 मिलियन रूपए की ऋण सहायता को चुकता करने से छूट प्रदान की।

भारत ने 1998 में निकारागुआ को 3.38 लाख रूपए मूल्य की दवाओं एवं सर्जिकल उपकरण का दान किया।

**सांस्कृतिक**

निकारागुआ में समय – समय पर भारतीय सांस्कृतिक मंडलियों द्वारा परफार्मेंस का आयोजन किया गया है।

अनेक स्थानीय योग संस्थानों एवं भारतीय समुदाय के सहयोग से 21 जून 2015 को मनागुआ में टिएट्रो नेशनल रूबेन के प्रसिद्ध स्थल पर दूतावास द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया तथा इसे काफी सराहा गया। इसमें मानद अतिथि के रूप में निकारागुआ नेशनल असेंबली के दो प्रतिनिधि शामिल हुए।

दिसंबर 2013 में निकारागुआ के दूसरे सबसे बड़े शहर लियोन में नगरपालिका थिएटर में और नेशनल थिएटर में सुश्री विभा लाल के नेतृत्व में आई सी सी आर द्वारा प्रायोजित 7 सदस्यीय कथक नृत्य मंडली ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। दोनो परफार्मेंस के दौरान थिएटर खचाखच भरे थे तथा उन्हें खूब सराहा गया। 15 दिसंबर, 2013 को इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में लियोन के मेयर मुख्य अतिथि थे, जबकि 16 दिसंबर, 2013 को नेशनल थिएटर में उद्घाटन समारोह में विदेश व्यापार एवं निवेश के लिए राष्ट्रपति के सलाहकार जनरल अल्वारो बाल्टोडोनो ने भाग लिया।

श्रीमती सुतपा तालुकदार के नेतृत्व में आई सी सी आर द्वारा प्रायोजित एक अन्य 15 सदस्यीय ओडिसी नृत्य मंडली ने सबसे प्रतिष्ठित नेशनल थिएटर में अक्टूबर, 2011 में 'श्यामा' का प्रदर्शन का किया।

नोबल पुरस्कार विजेता डा. रवींद्रनाथ टैगोर की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर डा. सोनल मानसिंह के नेतृत्व में आई सी सी आर द्वारा प्रायोजित एक 8 सदस्यीय नृत्य मंडली ने सितंबर, 2011 में ‘नायिका’ परफार्म किया।

नवंबर – दिसंबर, 2005 में मनागुआ, लियोन, स्टेली और ग्रेनाडा में गोवा के गिरजाघरों पर एक फोटोग्राफिक प्रदर्शनी 'वेल्हा गोवा' का आयोजन किया गया।

**तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग :**

प्रत्येक राजधानी शहर में आई प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के लिए एस आई सी ए देशों को भारत के प्रस्ताव के अंग के रूप में निकारागुआ की राजधानी मनागुआ में एक आईटी केंद्र स्थापित किया गया तथा एन आई आई टी के प्रशिक्षकों को छात्रों को प्रशिक्षण देने के काम में लगाया गया। दो साल की अवधि पूरी होने पर दोनों पक्ष एक और साल के लिए वैधता बढ़ाने पर सहमत हुए तथा सफलतापूर्वक पूरा हो जाने पर यह केंद्र 2011 के मध्य में मेजबान सरकार को सौंप दिया गया।

निकारागुआ के विदेश मंत्रालय में प्रथम सचिव श्री पौल डेनियल बुडियर स्मिथ ने 5 अगस्त 2015 से 4 सितंबर 2015 के दौरान विदेश सेवा संस्थान में आयोजित विदेशी राजनयिकों के लिए व्यावसायिक पाठ्यक्रम (पी सी एफ डी) में भाग लिया।

भारत सरकार ने 2012-13 एवं 2013-14 के दौरान 10 आई टी ई सी स्लॉटों तथा 2014-15 एवं 2015-16 के दौरान 5-5 स्लॉटों की पेशकश की।
भारतीय समुदाय

निकारागुआ में भारतीय समुदाय की संख्या एक दर्जन से भी कम है।

**उपयोगी संसाधन :**

भारतीय दूतावास, पनामा की वेबसाइट :
http://www.indianembassyinpanama.com/
राजदूत का ट्विटर
https://twitter.com/@shammajain
भारतीय दूतावास, पनामा का फेसबुक पेज :
https://www.facebook.com/embassyofindiainpanama

*******

**जनवरी, 2016**